>

Title: Regarding doctor's strike

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : धन्यवाद चेयरमैन सर, आज मैं यहां एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात रखना चाहता हूं । …(व्यवधान) डॉक्टरों पर आये दिन हमले होते जा रहे हैं । …(व्यवधान) एक सप्ताह पहले की बात है, कोलकाता में दो डॉक्टरों की जान हमले के कारण जा चुकी है । …(व्यवधान) उसके बाद पूरे देश में डॉक्टरों की तरफ से स्ट्राइक की गई । …(व्यवधान) इससे पूरे देश को एक दिन के लिए हैल्थ सर्विसेज़ नहीं मिल पाईं ।…(व्यवधान) गये तीन सालों में एक हज़ार से ज़्यादा डॉक्टरों पर हमले के ऐपिसोड्स, वारदातें पूरे देश में हो चुकी हैं । …(व्यवधान)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : चेयरमैन सर, अधीर साहब फ्लोर लीडर हैं । …(व्यवधान)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे : चेयरमैन सर, डॉक्टरों को लेकर यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है । …(व्यवधान) रूडी जी आप बैठ जाइए । …(व्यवधान) चेयरपर्सन, आप भी डॉक्टर हैं । …(व्यवधान) मैं यहां डॉक्टरों की समस्या रखना चाहता हूं । …(व्यवधान) मैं अपोज़ीशन बेंच से दरख्वास्त करता हूं कि वे बैठ जाएं । …(व्यवधान)

चेयरमैन सर, बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं यहां पर डॉक्टरों की समस्या रखना चाहता हूं कि आये दिन, रोज़ाना डॉक्टरों पर हमले होते जा रहे हैं । गये सप्ताह की बात है कि कोलकाता में दो डॉक्टरों की जान जा चुकी है । …(व्यवधान) आये-दिन ये हमले बढ़ते जा रहे हैं । …(व्यवधान) गये तीन सालों में 1 हज़ार से ज़्यादा हमले इस पूरे देश में डॉक्टरों पर हुए हैं । …(व्यवधान) जो 75 परसेंट डॉक्टर्स हैं, वे हमेशा हमले के शिकार होते आए हैं । …(व्यवधान) महाराष्ट्र में भी डॉक्टरों पर 50 हमले हो चुके हैं । …(व्यवधान) मैं इन हमलों को सबसे पहले निषेध करता हूं । …(व्यवधान) आज इस सभाग्रह में भी सबसे ज़्यादा डॉक्टर्स

उपस्थित हैं । ...(व्यवधान) ये हमले होने के बाद पूरे देश में स्ट्राइक की गई और सब डॉक्टर्स एक साथ आए । ...(व्यवधान) इस पूरे देश की हैल्थकेयर एक दिन के लिए स्थगित हो चुकी है । ...(व्यवधान)

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है - यहां हैल्थ मिनिस्टर जी हैं, वे भी डॉक्टर हैं - कि आज ये जो हमले बढ़ते जा रहे हैं, इसका कारण लैक ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर है । ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : विनोद सोनकर जी, आप बोलिए ।

...(व्यवधान)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे : सर, मुझे अपनी बात पूरी करने दीजिए । ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप संक्षिप्त बात कीजिए ।

...(व्यवधान)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे : आज इसका सबसे बड़ा कारण लैक ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर है, डॉक्टरों की शॉर्टेज है और लॉन्ग वेटिंग टाइम है । ...(व्यवधान) इसी के साथ हम जो जी.डी.पी. हैल्थकेयर में इंवेस्ट करते हैं, वह सबसे कम है, 1.4 परसेंट है । ...(व्यवधान) नेपाल, भूटान और बांग्लादेश भी हम से आगे हैं । ...(व्यवधान) डॉक्टर टू पेशेंट रेश्यो भी बहुत कम है । ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से हैल्थ मिनिस्टर से दरख्वास्त करता हूं कि आप इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने का काम कीजिए और एक सेंट्रल लॉ बनाइए । ...(व्यवधान) इससे डॉक्टरों पर जो लोग हमला कर रहे हैं, उन पर स्ट्रिक्ट कार्रवाई होनी चाहिए । ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री राहुल रमेश शेवले, डॉ. सुजय विखे पाटील, डॉ. संजय जायसवाल, श्री उदय प्रताप सिंह, श्री देवजी एम. पटेल, श्री एस. सी. उदासी एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह

चन्देल को डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।